an>

Title: Need to formulate a policy for the welfare of Protected Tribal Groups (PTG) in the country.

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला) : अध्यक्ष जी, देश में विशेष जनजातियों के बारे में, विशेषकर जो पीटीजी ग्रुप है और 75 विशेष जनजातियों के बारे में कई माननीय सदस्यों ने चिंता जाहिर की है कि इन ग्रुपों की आबादी में प्रतिवर्ष गिरावट आ रही है। ऐसी विशेष जनजातियों की आबादी में गिरावट रोकने के लिए जैसे जरावा, बेगा, सहरिया, होर-बिहोर आदि विलुप्त होती जनजातियों के लिए सरकार कोई विशेष कदम उठाए।

महोदया, मुझे लगता है कि चूंकि ये देशभर की विशेष जनजातियां हैं, इन जनजातियों के संरक्षण, विकास और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए सरकार को विशेष प्रयास करना चाहिए और बजट में विशेष प्रावधान करना चाहिए।

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : अध्यक्ष जी, मैं अपने आपको श्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा उठाए गए मुद्दे से संबद्ध करना चाहता हूं।